सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7659	17.08.2023	18.08.2023	Hamirpur Uttar Pradesh	www.amarujala.com/Hindi https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/hamirpur/outbreak-of-chickenpox-in-kainthi-village-three-children-died-in-20-days-hamirpur-news-c-223-1-sknp1027-1880-2023-08-17
Title:	**Chickenpox in kainthi village, three children died in 20 days in Hamirpur, Uttar Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU – Hamirpur, SSU- Uttar Pradesh			

क्षेत्र के कैंथी गांव में चिकनपॉक्स से 20 दिन में तीन मासूम बच्चों की मौत हो गई है। 11 बच्चे इस बीमारी से ग्रस्त हैं। एक की हालत नाजुक होने पर झांसी रेफर किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंच कर जांच में जुटी है।

कैंथी गांव के मनोज पाल ने बताया 11 माह पहले पुत्र आरव को जन्म देने के बाद पत्नी मालती की मौत हो गई थी। पुत्र चिकनपॉक्स की चपेट में आ गया। झांसी में इलाज के दौरान 11 अगस्त की सुबह मौत हो गई थी। मुकेश राजपूत ने बताया 18 माह के पुत्र नैतिक की चिकनपॉक्स की चपेट में आकर इलाज के दौरान 28 जुलाई को मौत हो गई। वहीं, सरमन श्रीवास ने बताया ढाई वर्षीय पुत्र अंशू 12 दिन से चिकनपॉक्स व बुखार से पीड़ित था। मंगलवार रात अंशू की मौत हो गई। एएनएम मालती देवी ने बताया आठ माह के अंश की हालत खराब होने पर गुरुवार सुबह मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर किया गया है। वहीं, गांव में निशांत (5), कार्तिक (5), शैलेंद्र (2), अंशू (14), अंश (2), मानवी ढाई वर्ष, मानवेंद्र (3), त्रिशु (12), राशि (9) व दस माह की रीनू चिकनपॉक्स से पीड़ित हैं। ग्रामीणों का आरोप है बीमारी का प्रकोप चरम पर पहुंचने पर स्वास्थ्य विभाग ने सुध ली। सीएचसी अधीक्षक नौरंगा डॉ. भरत राजपूत ने कहा विभागीय कार्य से बाहर हैं। ग्रामीण बीमारी को दैवीय प्रकोप मानकर दवा खिलाने से कतरा रहे हैं। झाड़फूंक का सहारा लेने से बच्चों की हालत बिगड़ रही है। गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम भेजकर जांच व इलाज कराया जा रहा है।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर